कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 18.01.2025

विषय:- थाना भेलूपुर पुलिस द्वारा *"ऑपरेशन चक्रव्यूह"* के तहत चेकिंग के दौरान चोरी के रुपयों के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर एवं प्रभारी निरीक्षक थाना भेलूपुर के नेतृत्व में थाना भेलूपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 020/2025, धारा- 306/317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त आशीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र जय प्रकाश श्रीवास्तव निवासी एस-बी/47,ए-5 तेलियाबाग थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र 34 वर्ष को गुरुधाम चौराहा के स्थित एक पार्क के पास थाना भेलूपुर वाराणसी से दिनांक 18.01.2025 को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया तथा चोरी के रुपये बरामद किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

विवरण पूछताछ:- पूछने पर बता रहा है कि मैं कुछ दिनो से एक सी.ए. बाबू के यहाँ पर चपरासी की नौकरी कर रहा था दिनांक- 15.01.2025 को मैं रोज की भाँति काम करने गया था तो मैने देखा की मालिक के ऑफिस का गेट खुला हुआ है तो मैं ऑफिस के अन्दर गया और उनकी टेबल के दराज मे रखे हुये एक लाख रूपये चोरी कर लिये थे मेरे द्वारा 29000/- रूपये अपने ऐशो आराम और जुओं में खर्च कर दिये है। शेष पैसे मेरे पास यही है जो आपलोगों ने बरामद किये है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- अभियुक्त आशीष कुमार श्रीवास्तव पुत्र जय प्रकाश श्रीवास्तव निवासी एस-बी/47,ए-5 तेलियाबाग थाना चेतगंज जनपद वाराणसी उम्र 34 वर्ष

बरामदगी का विवरण- चोरी किये गये 71000 रुपये

अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 020/2025 धारा 306/317 (2) बीएनएस थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी।
2. मु0अ0सं0- 125/2018 धारा 380/411/454 भादवि0 थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विजय नारायण मिश्र थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 प्रशान्त शिवहरे चौकी प्रभारी दुर्गाकुंड थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
3. का0 सुनील यादव थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
4. का0 सुमित शाही थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी
5. का0 सूरज कुमार भारती थाना भेलूपुर कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।